चित्रकला से बच्चों ने जाना ऊर्जा संरक्षण का महत्व

जूनियर वर्ग में जॉन मेरी एवं सीनियर वर्ग में हिमांशी पाटिल को प्रथम पुरस्कार

भोपाल। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह (14 से 21 दिसम्बर) के दौरान होने वाले विभिन्न आयोजनों में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन चिनार पार्क में किया गया।

प्रतियोगिता में शहर के 15 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 210 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता 02 वर्गों में आयोजित की गयी थी, जिसमें जूनियर वर्ग (कक्षा 5 से 6) में प्रथम पुरस्कार जॉन मेरी (कार्मल कान्वेंट स्कूल बी.एच.ई.एल), द्वितीय पुरस्कार रिद्विमा महाराणा (कार्मल कान्वेंट स्कूल बी.एच.ई.एल), तृतीय पुरस्कार नायसा यादव (कार्मल कान्वेंट स्कूल बी.एच.ई.एल.) एवं सात्वंना पुरस्कार मो.मारूफ खान (ब्रिलियंट कान्वेंट स्कूल) ने प्राप्त किया। इसी प्रकार सीनियर वर्ग (कक्षा 7 से 8) में प्रथम पुरस्कार हिमांशी पाटिल (आनंद विहार स्कूल), द्वितीय पुरस्कार निदा अली (मॉडल हा.से. स्कूल), तृतीय पुरस्कार अरहम ईमरान (मॉडल हा.से.स्कूल) एवं सात्वंना पुरस्कार ऋषि कुमार कुशवाहा (मॉडल हा.से. स्कूल) ने प्राप्त किया। इसी के साथ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता हेतु स्कूल के मध्य एक रनिंग ट्राफी की घोषणा की गई जो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय को दी जाती है एवं इस वर्ष यह ट्राफी कार्मल कान्वेंट स्कूल, बी.एच.ई.एल. को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर दी गयी है।

प्रतियोगिता के दौरान डॉ. कीर्ति सिंह (गीताजंली कॉलेज), डॉ. रेखा दीमन (हमीदिया कॉलेज) एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से सेवानिवृत्त महाप्रबंधक एन.के.भोगल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन)मेहताब सिंह, महाप्रबंधक (शहर वृत्त) भोपाल ब्रजभान सिंह परिहार एवं उप महाप्रबंधक शहर संभाग दक्षिण राकेश त्रिपाठी द्वारा पुरस्कार वितरित किये गये।

हार्टफुलनेस रामचंद्र मिशन आज, विश्व ध्यान दिवस मनाएगा

भोपाल। हार्टफुलनेस संस्थान/श्री रामचंद्र मिशन द्वारा 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में वैश्विक आयोजन को लगभग 140 देशों के साथ संपूर्ण भारत में कर रहा है। वहीं पूरे मध्य प्रदेश भर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इस पहल का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और ध्यान के माध्यम से आंतरिक शांति और सामंजस्य की प्राप्ति को प्रोत्साहित करना है। विश्व ध्यान दिवस हर वर्ष 21 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य ध्यान के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। डॉ. नील केलकर, भोपाल संभाग के हार्टफुलनेस समन्वयक ने बताया कि हम जन अभियान परिषद, उच्च शिक्षा विभाग और शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालय के सहयोग से यह कार्यक्रम लगभग सभी कॉलेजों और स्कूलों में एकसाथ आयोजित कर रहे हैं। भोपाल संभाग के मीडिया समन्वयक एसडी वीरेंद्र ने कहा, यह आयोजन मध्य प्रदेश के हर नागरिक को ध्यान के माध्यम से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन सहित अन्य जिलों में भी हार्टफुलनेस समन्वयक स्थानीय कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, ताकि समुदाय इस महत्वपूर्ण दिवस का उत्सव मना सकें।

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने केनरा बैंक के साथ की साझेदारी

भोपाल। टाटा पावर कंपनी लिमिटेड की सहायक कंपनी और भारत के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी, टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने पीएम सूर्य घर योजना के तहत रूफटॉप सोलर सिस्टम को अपनाने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए देश में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक, केनरा बैंक के साथ हाथ मिलाया है। इस गठजोड़ का उद्देश्य है, आकर्षक वित्तपोषण विकल्प प्रदान कर घरों के लिए सौर ऊर्जा समाधानों तक पहुंच को आसान बनाना, ताकि लोगों को वहनीय ऊर्जा भविष्य की ओर बढ़ने में मदद की जा सके। इस पहल के अंग के रूप में, घरों को पीएम सूर्य घर योजना के तहत लोगों की ज़रूरत के अनुरूप वित्तपोषण विकल्पों से लाभ मिल सकता है। इस पहल को रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह योजना 3 किलोवाट तक की क्षमता वाले सिस्टम के लिए, 10प्रतिशत मार्जिन मनी आवश्यकता, कोलैटरल-मुक्त वित्तपोषण, 7प्रतिशत सालाना की प्रतिस्पर्धी ब्याज दर और 10 वर्ष तक की अवधि के साथ ? 2 लाख तक का ऋण प्रदान करती है। ये विकल्प वित्तीय लचीलापन सुनिश्चित करते हैं और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को अपनाने में परिवारों की मदद करते हैं।

साउंड ऑफ साइलेंस - मानव संग्रहालय में

भोपाल। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा विश्व ध्यान दिवस ' के अवसर पर साउंड ऑफ साइलेंस का आयोजन संग्रहालय के चरेवेती मुक्ताकाश मंच पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उदेश्य मानसिक शांति, आंतरिक संतुलन और ध्यान की शक्ति को अनुभव कराना है। प्रकृति की गोद मे खुली हवा के मंच पर आयोजित यह कार्यक्रम आपको एक ऐसी यात्रा पर ले जाएगा जो न केवल आपके मन को शांत करेगी बल्कि आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करेगी। यह कार्यक्रम उन सभी के लिए है जो अपनी ब्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर मानसिक शांति के तलाश में है। मानव संग्रहालय एवं सशत्र सीमा बल के सहयोग से संग्रहालय के वीथी संकुल प्रांगण मे प्रराक्रम के पथिक नामक 02 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

स्विगी ने की 'बोल्ट' सर्विस की शुरुआत

भोपाल। भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी लिमिटेड ने भोपाल में अपनी सर्विस बोल्ट के विस्तार का एलान किया है, जिसके माध्यम से 10 मिनट में फूड डिलीवर किया जाता है। बोल्ट सर्विस लोकप्रिय रेस्टोरेंट एवं क्यूएसआर से मात्र 10 मिनट में डिलीवर करते हुए फ्रेश एवं क्विक-टु-प्रिपेयर फूड्स की डिलीवरी को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। स्विगी ने देशभर में 400 से ज्यादा शहरों में बोल्ट सर्विस का विस्तार किया है और 40,000 से ज्यादा रेस्टोरेंट्स के माध्यम से 10 लाख से ज्यादा फूड आइटम्स डिलीवर कर रही है। भोपाल के ग्राहक शहर के 568 रेस्टोरेंट्स के 13 क्यूजिन्स की 9.8 हजार डिशेज में से अपनी पसंदीदा डिश ऑर्डर कर सकेंगे।

बीएसएसएस में अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संगोष्ठी आज

भोपाल। बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (बीएसएसएस आईएएस) 21 दिसंबर, को भोपाल में अपने परिसर में अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संगोष्ठी की मेजबानी करने के लिए तैयार है। शिक्षा, अनुसंधान और परामर्श में अपनी उत्कृष्टता के लिए जाना जाने वाला बीएसएसएस आईएएस सिनर्जी यूनिवर्सिटी, मॉस्को और बीएनआई, भोपाल के सहयोग से इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

संगोष्ठी, जिसका विषय एक सतत और समावेशी भविष्य के लिए नवाचार- उद्योग, प्रौद्योगिकी और शिक्षा का अंतर्संबंध है, नेताओं, उद्योग विशेषज्ञों और शिक्षाविदों के लिए वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करेगा चर्चाएँ महत्वपूर्ण उप-विषयों पर केंद्रित होंगी, जिनमें शामिल हैं, सतत विकास और ऊर्जा संक्रमण, नेतृत्व, कार्यबल विकास और संगठनात्मक संस्कृति, सतत विकास के लिए हरित ऊर्जा, और, समावेशी शिक्षा प्रथाओं के लिए प्रौद्योगिकी का अंतर्संबंध। एक विशेष आकर्षण कॉर्पोरेट पैनल चर्चा होगी, जिसमें समकालीन चुनौतियों का समाधान करने के लिए अकादमिक शोध और व्यावहारिक कार्यान्वयन के बीच की खाई को पाटने पर प्रतिष्ठित उद्योग और अकादमिक नेताओं की अंतर्दृष्टि शामिल होगी।

सोलर स्क्वायर ने 40 मिलियन डॉलर सीरीज बी फंडिंग जुटाई

भोपाल। भारत की अग्रणी होम सोलर स्टार्टअप सोलर स्क्वायर ने अपनी सीरीज बी फंडिंग में 40 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। यह भारतीय सोलर सेक्टर की अब तक की सबसे बड़ी वेंचर कैपिटल फंडिंग है। इस राउंड का नेतृत्व लाइटस्पीड ने किया और इसमें लाइट रॉक ने भी भाग लिया। मौजूदा निवेशकों एलीवेशन केपीटल, क्रिस सकाज, लोअर कॉर्बन, निथिन कॉमथ्स, रेनमैटर और गृहाज प्रोपेच ने भी इस राउंड में निवेश किया।

मैटर एरा जल्द ही डीलरशिप के बढ़ते नेटवर्क के साथ मप्र में होगा उपलब्ध

भोपाल। भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी मैटर ने नर्मदा परिक्रमा अध्याय के साथ अपनी एराथॉन भारत यात्रा जारी रखी है। मैटर ने एरा के माध्यम से गुजरात में 1,868 किलोमीटर की यात्रा की है। उस दौरान उसने सुंदरबन में अर्थडे.ऑर्ग की साझेदारी में 1,868 मैंग्रोव लगाए है। उस अध्याय की सफलता के बाद, एरा का अभियान अब नर्मदा नदी के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पारिस्थितिक महत्व का जश्न मना रहा है। यह नर्मदा परिक्रमा 14 दिसंबर को अमरकंटक में शुरू हुई।

न्यायालय तहसीलदार, नजूल वृत्त एम.पी.नगर भोपाल
(7 नंबर बस स्टाप शिवाजी नगर भोपाल)
प्रकरण क्रमांक 0044/अ-27/2024-25

इश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक गिरजा बाई पुत्री स्व. श्री रामसिंह निवास ग्राम बरखेडा पठानी भोपाल मे ग्राम बरखेडा पठानी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 271/2 शामिल खसर नं. 273/ख, 274/ख, 275/ख, 276/ख, 277/ख, 278/ख, 279/ख, 306/ख, रकबा 2.541 हेक्टे. भूमि का बटवारा किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तावित अक्स निम्न है- उक्त संबंध मे किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा । आज दिनांक 20/12/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील)
तहसीलदार
नजूल वृत्त एम.पी.नगर भोपाल

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड आंचलिक कार्यालय 4, छोटी खजरानी मालव परिसर, ए.बी. रोड इंदौर- 452008

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी
[नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

क्र. सं.	कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों)/ जमानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	मेसर्स गीता ऑटोमोबाइल्स प्रतिनिधित्व मालिक नूतन राठी (कर्जदार)/ श्री अशोक राठी, श्रीमती नूतन राठी, श्री यश राठी (जमानतदार) ऋण खाता संख्या 382605500015	संपत्ति सर्वे क्रमांक 30/1 और 41/1 पर स्थित, पीएच क्रमांक 26, खाता क्रमांक 46, वार्ड क्रमांक 08, पुराने बस स्टैंड के पास सारंगपुर, जिला राजगढ़, सारंगपुर, मध्य प्रदेश 465697, प्लॉट क्षेत्रफल - 2500 वर्ग फीट	रु. 70,12, 054.63/- (दिसंबर 02, 2024 तक)	रु. 45,00, 000/- / रु. 4,50, 000/-	दिसंबर 27,2024 को दोप. 12:30 बजे से दोप. 02:30 बजे तक	जनवरी 13, 2025 को सु. 11:30 बजे से

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जनवरी 10, 2025** को **शाम 04:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड आंचलिक कार्यालय 4, छोटी खजरानी मालव परिसर, ए.बी. रोड इंदौर- 452008** में **जनवरी 10, 2025** तक दोप. 03:00 बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **जनवरी 10, 2025** तक **शाम 04:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड आंचलिक कार्यालय 4, छोटी खजरानी मालव परिसर, ए.बी. रोड इंदौर- 452008** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **जनवरी 10, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **इंदौर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक** कर्मचारी के फोन नंबर 9425815565/9993034988 पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : दिसंबर 21, 2024
स्थान : सारंगपुर एवं राजगढ़
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

2949

सूडोकु नवताल- 7280

✱✲✲✲✲ सरल

3	9			1	4			2
1	2		6		3		5	
		5		8	7			9
	7			6	9			8
2	1			5			4	6
4			3	2			9	
9			8	4		5		
	6		9		5		2	4
8			1	7			6	3

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7279 का हल

6	9	2	3	7	4	5	8	1
3	8	5	6	2	1	7	4	9
7	4	1	8	9	5	6	2	3
2	3	9	5	4	6	8	1	7
1	7	4	9	8	3	2	6	5
5	6	8	7	1	2	9	3	4
4	5	7	1	6	8	3	9	2
8	2	3	4	5	9	1	7	6
9	1	6	2	3	7	4	5	8

काकुरो पहेली - 6959



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

काकुरो - 6958 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8347



बाएँ से दाएँ
1.पाबंदी,संयम,पाशा-3
3.मनुष्य,इंसान-3
5.शारीरिक ऊंचाई-2
6.नलका,टूंटी
8.प्रलय,महासंकट-4
11.दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13.निर्माण,निर्मिती-3
14.हुक्र,आर्ट-2
15.उम्मीद,आशा-2
16.खाना बनाना-3
18.असफल,अनुत्तीर्ण-3
20.आभास,भासा-3
22.वध-2
24.चाँ,इच्छा,चित-2
25.सब्जी का सड़ना,बर्फ का पिघलना-3
26.याद करना-3

ऊपर से नीचे
1.हड़ताल,स्थिर,रुका हुआ-2
2.लवण -3
3.विश्राम,राहत-3
4.मछली,मत्स्य,राशि चक्र की एक राशि-2
5.बूंद-3
7.शरमाना-3
9.दोस्त,मित्र-2
10.बहुत प्यासा होना-4
12.एकटक निहारना-3
16.शरण,आश्रय-3
17.सम्मान-2
19.चिंतन-3
20.मकान,इमारत-3
21.कमी,थोड़ा-3
23.तज देना-2
24.इंकार,मनाही-2

शब्द पहेली -8346 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6777



बायें से दायें:-

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरुख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, शरद, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि कपूर, जेबा, अश्विनी भावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. 'जादू है नशा है' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी को 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में रणधीरकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है?-३

ऊपर से नीचे:-

१. दिलीप कुमार, मीना को 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. 'संदेसे आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. अजय देवगन, तब्बू की 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'खुशी' में फरदीन की नायिका?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो' गीत वाली राजकुमार, राजेशखन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनील दत्त, नूतन की फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म?-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, नालासिन्हा की 'आज गालो मुस्करा लो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की एक फिल्म-२
३०.'मिलती है झुकती है' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6776

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग-6886

4	3		5		1	2
	33		35	1	27	
6	1		7		5	
	26	2	40	7	34	
1		6			2	4
	29		33	4	30	
	4		2		6	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6885 का हल

7	4	5	2	3	6	1
5	35	3	27	1	28	7
6	1	4	7	2	5	3
3	26	2	40	7	34	6
1	3	6	7	5	2	4
2	27	1	41	4	29	5
4	3	7	5	6	1	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 7886

ची	दु	मे	रि	द्रो	णा	चा	र्य	न	प	क	
न	र्यो	शा	प	इं	द्रे	भी	म	या	इ	क	
अ	ध	जा	स	र	ग	स	द	ह	प	न	
जी	न	ल	पा	न	दू	स	न	ह	र्जु	ल	
त	या	अ	सौ	न	जा	ला	न्यु	अ	प	दे	
आ	यु	ह	गो	व	प	म	क	ह	यु	वां	
ग	धि	ल	ह	च	भि	रि	पा	व	प	ग	
र	छ	भा	त्क	अ	प	स	रा	व्रा	वि	ला	
क	र	द्ये	तें	व	न	क	र्ण	शा	जू	दे	
र	ध	ल	प	व	सिं	ल	स	अ	प	श	
वां	स	ल	भी	ष्म	पि	ता	मा	ह	क	र	

शब्द जाल में 10 योद्धाओं के नाम हैं, जिन्होंने महाभारत युद्ध लड़ा था. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

युधिष्ठर, घटोत्कच, अभिमन्यु, अर्जुन,भीम, दुर्योधन, भीष्म पितामाह, द्रोणाचार्य, कर्ण, दुशासन.

शब्दजाल - 7885 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore